# प्रतिदर्श प्रश्नपत्र

## 2024–25

## व्यावसायिक अध्ययन

निर्धारित समय – 3 घण्टे | पूर्णांक – 80

निर्देशः (i) इस प्रश्न पत्र में कुल 25 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्नों हेतु निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

(iii) प्रत्येक प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़िये तथा समुचित उत्तर दीजिए।

(iv) इस प्रश्न पत्र में प्रश्न संख्या 01 बहुविकल्पीय प्रश्न है। प्रत्येक खण्ड के चार विकल्प हैं। सही विकल्प चुनकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। प्रश्न संख्या 02 से 07 तक निश्चित उत्तरीय प्रश्न हैं।

(v) प्रश्न संख्या 8–13 तक प्रत्येक का उत्तर लगभग 50 शब्दों में दीजिए।

(vi) प्रश्न संख्या 14–17 तक प्रत्येक का उत्तर लगभग 100 शब्दों में दीजिए।

(vii) प्रश्न संख्या 18–24 तक प्रत्येक का उत्तर लगभग 200 शब्दों में दीजिए।

(viii) प्रश्न संख्या 25 केस/स्रोत आधारित प्रश्न है।

1.(क) वैज्ञानिक प्रबन्ध के जनक हैं – (01)

(i) गिलब्रेथ (ii) टेलर

(iii) राबर्टसन (iv) किम्बाल

(ख) इन्टरनेट द्वारा हवाई टिकट की बुकिंग का उदाहरण निम्न में से कौन सा है – (01)

(i) तकनीकी पर्यावरण (ii) आर्थिक पर्यावरण

(iii) राजनीतिक पर्यावरण (iv) सामाजिक पर्यावरण

(ग) प्रभावी नियोजन के आधार हैं – (01)

(i) लेच (ii) व्यावहारिकता

(iii) भविष्यता (iv) ये सभी

(घ) तरलता का निर्माण करता है – (01)

(i) प्राथमिक बाजार (ii) संगठित बाजार

Downloaded from www.cclchapter.com

(iii) असंगठित बाजार | (iv) द्वितीयक बाजार

(ङ) भारत में शेयर बाजारों का भविष्य है – (01)
(i) सामान्य (ii) उज्जवल
(iii) अन्धेरे में (iv) कोई भविष्य नहीं

(च) वित्तीय प्रबन्ध का मुख्य कार्य है – (01)
(i) शुद्ध लाभ का आवंटन (ii) वित्तीय नियोजन
(iii) कोषों को प्राप्त करना (iv)ये सभी

(छ) संगठन के जीवन में भर्ती होती है – (01)
(i) निरन्तर (ii) एक बार
(iii) दो बार (iv) कभी–कभी

(ज) नियंत्रण प्रक्रिया है – (01)
(i) नकारात्मक (ii) ऋणात्मक
(iii) सुधारात्मक (iv) इनमें से कोई नहीं

**निर्देश** – निम्नलिखित प्रश्नों में दो कथनों को अभिकथन (A) तथा कारण (R) के रूप में चिन्हित किया गया है। निम्नलिखित विकल्पों (i), (ii), (iii) तथा (iv) में से चुनकर इनका सही उत्तर दीजिए।
(i) A तथा R दोनों सही हैं तथा R,A की सही व्याख्या करता है।
(ii) A तथा R दोनों सही हैं परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।
(iii) A सही हैं परन्तु R गलत है।
(iv) A तथा R दोनों गलत है।

(झ) अभिकथन (A) : प्राथमिक बाजार को नए निर्गमन बाजार के रूप में भी जाना जाता है। (01)
कारण (R ) : प्राथमिक बाजार पहले से ही कारोबार की जाने वाली प्रतिभूतियों से सम्बन्धित है।

(ञ) अभिकथन (A) : एक परिवहन सेवा प्रदाता को कम कार्यशील पूँजी की आवश्यकता होती है। (01)
कारण (R ) : एक सेवा फर्म नकद आधार पर अधिक बिक्री करती है और उसे इन्वेंट्री बनाए रखने की आवश्यकता नहीं होती है।

2. ''भर्ती एवं चयन पर्यायवाची शब्द हैं'', यह कथन सही है या गलत ? (01)

Downloaded from www.cclchapter.com

3. ''अंगूरीलता एक अनौपचारिक संप्रेषण का एक प्रकार है।'' यह कथन सही है या गलत। (01)

4. ''नियन्त्रण एक पीछे की ओर देखने वाला और साथ ही साथ आगे की ओर देखने वाला कार्य है।'' यह कथन सही है या असत्य। (01)

5. ''पूँजी बाजार दो खण्डों प्राथमिक और मुद्रा बाजार में बंटा है।'' यह कथन सही है या गलत। (01)

6. ''विपणन अवधारणा उत्पादोन्मुखी व विक्रयोन्मुखी है।'' यह कथन सही है या गलत। (01)

7. ''उपभोक्ता संरक्षण कानून के दुरूपयोग का अधिकार प्रदान नहीं करता।'' यह कथन सही है या गलत। (01)

8. ''प्रबन्धन एक पेशा है।'' इस कथन को समझाइए। (02)

9. भारार्पण का अर्थ लिखिए। (02)

10. पर्यवेक्षण व पर्यवेक्षक का अर्थ लिखिए। (02)

11. स्टॉक–एक्सचेन्ज को परिभाषित कीजिए। (02)

12. व्यवसायिक पर्यावरण का क्या महत्व है। (02)

13. उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के अन्तर्गत उपभोक्ता को उपलब्ध कोई दो राहत लिखिए। (02)

14. हेनरी फेयोल के किन्ही 3 प्रबन्ध के सिद्धान्तों को संक्षेप में समझाइये। (03)

अथवा

प्रबन्ध के सिद्धान्तों के महत्व के सम्बन्ध में किन्हीं तीन बिन्दुओं को समझाइए।

15. बाहरी वातावरण का अर्थ बताइए। यह कितने प्रकार का होता है। समझाइए। (03)

Downloaded from www.cclchapter.com

16. "नियंत्रण हस्तक्षेप नहीं है।" समझाइए। (03)

17. पूँजी संरचना तथा चालू सम्पत्तियों को संक्षेप में समझाइए। (03)

अथवा

एक व्यवासायिक संगठन में कार्यशील पूंजी को प्रभावित करने वाले तीन कारक लिखिए।

18. वैज्ञानिक प्रबन्ध का अर्थ एवं इसके सिद्वान्तों को समझाइए। (05)

19. "बिना व्यवस्थित नियोजन के कोई भी उपक्रम अपने उद्देश्यों को प्राप्त नहीं कर सकता।" स्पष्ट कीजिए। (05)

20. संगठन का अर्थ इसकी विशेषता सविस्तार समझाइए। (05)

21. संदेशवाहन कितने प्रकार को होता है। संक्षेप में सभी प्रकारों को समझाइए। (05)

22. नियंत्रण का अर्थ एवं इसके चरणों को सविस्तार समझाइए। (05)

अथवा

भर्ती के महत्वपूर्ण सभी स्रोतों को सविस्तार समझाइए।

23. स्कन्ध विपणि का अर्थ एवं इसके कार्यो को समझाइए। (05)

अथवा

नियुक्तिकरण का अर्थ एवं इसकी विशेषताओं को समझाइए।

24. प्रवर्तन से आप क्या समझते हैं ? प्रवर्तन मिशन को समझाइए। (05)

अथवा

पूँजी बाजार से क्या आशय है ? पूँजी बाजार के विभिन्न प्रकार बताइए।

25. निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा उसके नीचे दिए गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

रमेश ने होटल मैनेजमेंट में डिग्री प्राप्त करने के बाद आचार, जैम, चटनी आदि बनाने की अपनी पारिवारिक कम्पनी सम्भाली। इनका व्यवसाय काफी अच्छी हालत में नहीं था। व्यवसाय में उत्पादन लागत अधिक आ रही थी और नकदी की स्थिति कमजोर थी। वह व्यवसाय में प्रवर्तन हेतु केक, चॉकलेट, कैंडी व बिस्किट आदि को अपने व्यापार में शामिल करना

Downloaded from www.cclchapter.com

तथा आधुनिक तकनीक से सामान निर्माण करना चाहता था। इसके लिए वह वित्त सलाहकार के पास गया। जिसने उसे इन सबकी लागतों का मूल्यांकन करके बताया कि आधुनिकरण व व्यापार विस्तार के लिए लगभग 50 लाख की आवश्यकता होगी तथा शेयर मार्केट के विषय में भी बताया कि अभी वहाँ तेजी का दौर चल रहा है।

(क) उपर्युक्त विचार को ध्यान में रखते हुए राहुल अपने व्यवसाय के विकास व आधुनिकीकरण के लिए सही वित्त व्यवस्था नहीं कर पाया न ही सही स्रोत का निर्धारण कर पाया। अपने उत्तर में इसका कारण बताइए। (02)

(ख) उपरोक्त स्थिति में बताए कारण के अतिरिक्त कोई दो और कारणों का नाम लिखिए। जिनका ध्यान उसे वित्त व्यवस्था हेतु रखना चाहिए। (02)

(ग) राहुल को अपने व्यापार के विकास व आधुनिकीकरण के लिए किस पूँजी की आवश्यकता होगी ? (01)

Downloaded from www.cclchapter.com